# मोरछड़ी वाले से मुलाकात हो जाये | By Suresh Gavaiya

मोरछड़ी वाले से मुलाकात हो जाये
लड़ जाए अँखियाँ दिल की बात हो जाए

पाप मिठे हर फंद कटे गम चिंता की धुंध छटे
काम क्रोध मद लोभ हटे निर्मल मनवा श्याम रटे
रोम रोम सांवरे का राज हो जाए
लड़ जाए अँखियाँ दिल की बात हो जाए

नैना मझधार हो जीना दुश्वार हो
पीठ पे खंजर सिर पे लटकी तलवार हो
दौलत ना सोना चांदी कुटिया घर बार हो
मेरा हो श्याम चरण में खाटू दरबार हो
हारे के सहारे का बाबा श्याम प्यारे का
लखदातार का सिर हाथ हो जाए
लड़ जाए अँखियाँ दिल की बात हो जाए

तीन बाणधारी हो कलयुग अवतारी हो
किन कर गजरो की महक दर्श बलिहारी हो
चंवर डुलाये दास पुजारी हाजिर दरबारी हो
आरती उतारे सुरेश जावे बलिहारी हो
दर्श मुरली वाले का बाबा श्याम प्यारे का
लखदातार का सिर हाथ हो जाए
लड़ जाए अँखियाँ दिल की बात हो जाए

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%8b%e0%a4%b0%e0%a4%9b%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%80-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%a4-%e0%a4%b9/